सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 169 | इंदौर, शुक्रवार 02 जनवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

● ईरान में कैसे शुरू हुए 'मुल्ला देश छोड़ो' वाले प्रदर्शन

## अब तक 7 लोगों की मौत



**तेहरान, (एजेंसी)** ईरान में इन दिनों सर्द मौसम में माहौल गर्म है। वजह यह है कि बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतर रहे हैं और अयातुल्लाह खामेनेई के शासन के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। ईरान की राजधानी तेहरान में प्रदर्शन सख्ती के बाद थोड़े कम हुए हैं, लेकिन अन्य सुदूर इलाकों में गुस्सा बढ़ रहा है। ईरान के कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन जारी हैं। इस गुस्से की वजह महंगाई और अर्थव्यवस्था की कमजोरी बताई जा रही है। इन प्रदर्शनों से खामेनेई शासन की पुलिस भी सख्ती से निपटने की कोशिश कर रही है। इसके चलते कई जगहों पर प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़पें भी हुई हैं और इनमें 17 लोग अब तक मारे जा चुके हैं।

तेहरान में तो प्रशासन ने अब तक 30 संदिग्ध लोगों को अरेस्ट भी किया है। इन लोगों को व्यवस्था खराब करने की आशंका के चलते पकड़ा गया है। कई वीडियो ऐसे सामने आए हैं, जिनमें प्रदर्शनकारी यह नारे लगाते सुने जा रहे हैं- जब तक मुल्ला नहीं भागेंगे, हमारा ईरान आजाद नहीं होगा। इसके अलावा कुछ लोगों ने मुल्लों को जाना होगा जैसे नारे भी लगाए हैं।

### कटाक्ष




# ● मध्यप्रदेश में सरकारी बसों की वापसी, नए साल पर बड़ा तोहफा

# 20 से ज्यादा शहर जुड़ेंगे 'सुगम परिवहन' होगा नाम

**भोपाल। मध्य प्रदेश में जल्द ही 'सरकारी बस' सड़कों पर एक बार फिर दौड़ते नजर आएंगी। मोहन सरकार जल्द ही 'राज्य परिवहन निगम' की तर्ज पर नए सिरे से बस सेवा प्रारंभ करने वाली है। नए साल में प्रदेश की जनता को यह सौगात मिलने वाली है। बता दें कि इसका नया नाम 'सुगम लोक परिवहन सेवा' होगा जो पीपीपी मॉडल पर संचालित होगी।**

जानकारी अनुसार प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव ने 'सुगम लोक परिवहन सेवा' के जरिए एमपी में सरकारी बसों की वापसी करने जा रहे हैं। सेवा चालू होने के बाद दूरस्थ गांव तक तक सस्ती और लग्जरी यात्रा की सुविधा मिल सकेगी। कैबिनेट में इस प्रस्ताव को पहले ही मंजूरी दी जा चुकी है। सरकार ने इसके लिए 101 करोड़ की अंशपूंजी को बजट को स्वीकृति दी है। बता दें कि वर्तमान में मध्यप्रदेश के 20 शहरों में सार्वजनिक परिवहन के लिए गठित SPVs में से 16 कंपनियां कार्यरत हैं, जिन्हें अब संभागीय कंपनियों में मर्ज करने का निर्णय लिया गया है।



### बस टर्मिनल व अन्य स्ट्रक्चर PPP मॉडल पर होंगे

बता दें कि एमपी में सीएम सुगम लोक परिवहन सेवा के तहत बस स्टेंड, टर्मिनल और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) मॉडल पर किया जाएगा। बस संचालन और संधारण भी पारदर्शी प्रक्रिया के तहत निजी बस ऑपरेटर्स के माध्यम से किया जाएगा। हालांकि इन सब पर पूरा नियंत्रण सरकारी कंपनी का रहेगा।

### कंपनियों पर नियंत्रण के लिए 'होल्डिंग कंपनी' का गठन

प्रदेश में बसों के परिवहन सेवा और व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा इसके एकीकृत संचालन के लिए 7 कंपनियों पर दारोमदार होगा। इन सातों कंपनियों पर नियंत्रण के लिए स्टेट लेवल पर 'होल्डिंग कंपनी' का गठन किया जाएगा। यह कंपनी कंपनीज एक्ट—2013 के तहत गठित की जाएगी, साथ ही जिला स्तर पर यात्री परिवहन समितियों के गठन को भी कैबिनेट की स्वीकृति मिली है।

**2026 में बदलेगा मध्य प्रदेश का पावर स्ट्रक्चर**

# 32 सीनियर अफसर होंगे सेवा मुक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।**

नया साल 2026 मध्य प्रदेश की नौकरशाही और पुलिस महकमे के लिए बड़े बदलाव लेकर आने वाला है। मध्य प्रदेश कैडर के 16 आईपीएस और 16 आईएएस अधिकारी अगले वर्ष अपनी सेवाएं पूरी कर सेवानिवृत्त हो जाएंगे। इनमें पुलिस महानिदेशक से लेकर मुख्य सचिव, एडीजी, आईजी, कलेक्टर और संभागायुक्त स्तर तक के अधिकारी शामिल हैं। इतनी बड़ी संख्या में वरिष्ठ अधिकारियों के बाहर जाने से शासन और पुलिस व्यवस्था में व्यापक फेरबदल तय माना जा रहा है। गृह विभाग की ओर से जारी सूची के अनुसार प्रदेश के मौजूदा डीजीपी कैलाश मकवाणा भी 2026 में रिटायरमेंट की सूची में शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के तहत डीजीपी का न्यूनतम कार्यकाल दो साल होना जरूरी है, इसी कारण उनकी रिटायरमेंट तिथि बढ़ाई गई है।

### डीजी से लेकर एसपी तक खाली होंगे पद

वर्तमान सूची के मुताबिक 2026 में पुलिस विभाग से डीजी रैंक के 4 अधिकारी, एडीजी के 2, आईजी के 5, डीआईजी के 3 और एसपी रैंक के 2 अधिकारी सेवानिवृत्त होंगे। इससे पुलिस मुख्यालय से लेकर रेंज और जिला स्तर तक कई महत्वपूर्ण पद रिक्त हो जाएंगे। इसमें डीजीपी कैलाश मकवाना, अजय कुमार शर्मा, आलोक रंजन, सोनाली मिश्रा, संजीव समी, आशुतोष राय, ए साई मनोजर, संजय तिवारी, अंशुमान सिंह, अरविंद सक्सेना, हिमानी खन्ना, मिथिलेस शुक्ला, शशिकांत शुक्ला, महेश चंद्र जैन, सविता सोहाने और जगदीश डावर शामिल हैं।

### आईएएस कैडर में भी बड़ा बदलाव

सिर्फ पुलिस ही नहीं, बल्कि प्रशासनिक सेवा में भी 2026 अहम रहने वाला है। 16 आईएएस अधिकारी अगले साल रिटायर होंगे। इनमें सबसे बड़ा नाम मुख्य सचिव अनुराग जैन का है, जिनका कार्यकाल 30 सितंबर 2026 को पूरा होगा। यदि केंद्र सरकार उन्हें दोबारा सेवा विस्तार नहीं देती है, तो राज्य को नया मुख्य सचिव चुनना पड़ेगा। मुख्य सचिव के अलावा एसीएस स्तर की अलका उपाध्याय और आशीष श्रीवास्तव, चंबल संभाग के कमिश्नर सुरेश कुमार, शिवपुरी कलेक्टर रविंद्र चौधरी और शहडोल कलेक्टर केदार सिंह भी 2026 में रिटायरमेंट की सूची में हैं। इसके साथ ही शिक्षा, खनिज, राजस्व, आयुष और लोकायुक्त जैसे विभागों से जुड़े वरिष्ठ आईएएस अधिकारी भी सेवा से बाहर होंगे।

### यह आईएएस होंगे रिटार्यड

सितंबर में- मुख्य सचिव अनुराग जैन, अलका उपाध्याय, आशीष श्रीवास्तव, स्मिता भारद्वाज, उमाकांत उमराव, अरुणा गुप्ता, माल सिंह भयडिया, उर्मिला शुक्ला, ललित दाहिमा, सुरेश कुमार, चंद्रशेखर वालिम्बे, रविंद्र कुमार चौधरी, संजय कुमार, संजय कुमार मिश्रा, केदार सिंह और जीएस धुर्वे शामिल हैं।

पॉश कॉलोनियां भी परेशान, शिकायतों का लगा अंबार

# 90 से अधिक क्षेत्रों में आ रहा गंदा पानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। स्वच्छता में नंबर वन इंदौर इन दिनों पीने के पानी के गंभीर संकट से जूझ रहा है। इंदौर के लोग स्वच्छ पेयजल के अपने बुनियादी अधिकार के लिए संघर्ष कर रहे हैं और प्रशासन की चुप्पी से परेशान हैं। शहर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी के कारण मचे हड़कंप के बाद अब शहर की वीआईपी और पॉश कॉलोनियों से भी शिकायतें आने लगी हैं।**

लोगों का कहना है कि हम लंबे समय से शिकायतें कर रहे हैं लेकिन कहीं भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। लोगों ने नगर निगम की हेल्पलाइन और सोशल मीडिया पर अपने क्षेत्रों के फोटो वीडियो पोस्ट करना शुरू कर दिए हैं। 90 से अधिक क्षेत्रों में गंदा पानी आ रहा है। लोगों ने खुद इसकी जानकारी दी है। आमतौर पर माना जाता है कि दूषित पानी की समस्या केवल पिछड़ी बस्तियों तक सीमित होती है लेकिन इंदौर में अब स्नेहलतागंज जैसी पॉश कॉलोनियां भी इसकी चपेट में हैं। यहां के नागरिकों ने शिकायत की है कि पिछले कई दिनों से नलों में काला और दुर्गंधयुक्त पानी आ रहा है। रहवासियों का कहना है कि बार-बार नगर निगम को सूचित करने के बाद भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। रहवासी नरेंद्र कोठारी ने बताया कि स्थिति इतनी खराब है कि मजबूरी में रोजाना हजारों गैलन दूषित पानी सड़कों पर बहाना पड़ रहा है। पार्षद को शिकायत की तो उन्होंने बताया कि नयापुरा क्षेत्र में ड्रेनेज लाइन का काम चल रहा है। पाइप फूटने से गंदा पानी पेयजल लाइन में मिक्स हो रहा था। सुधार चालू है। इंदौर में गंदे पानी की शिकायतों से निपटने के लिए नगर निगम में विशेष टीम का गठन किया गया है। जैसे ही रहवासियों की शिकायत आती है टीम के द्वारा स्थानीय जोन पर शिकायतों को भेजा जा रहा है। सीएमएचओ माधव हसानी ने कहा कि स्वास्थ्य



विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि वे पानी को उबालकर पिएं और क्लोरीन की गोलियों का उपयोग करें। यदि गले में खराश, बुखार या फिर उल्टी दस्त जैसे लक्षण नजर आते हैं तो देर न करें तुरंत नजदीकी अस्पताल में जांच करवाएं।

### गंदे पानी की शिकायतें

आजाद नगर, अन्नपूर्णा क्षेत्र, अमर टेकरी, अखण्ड नगर (60 फीट), अशोक नगर, आस्था पैलेस, अखंड नगर, इंद्र नगर (पंचकुइया रोड), इंद्रपुरी कॉलोनी (भंवरकुआं) कालानी नगर (मुख्य मार्ग और 60 फीट रोड), कबिट खेड़ी, कुशवाह नगर, खजराना, खातीपुरा, कबीट खेड़ी, कंचन नगर, गांधी नगर, गोरी नगर (नया और पुराना), गणेश धाम (बाणगंगा), गीता नगर (धार रोड), गंगा नगर, गोयल नगर, गारीपिपलिया, जय भवानी नगर, जगन्नाथ नगर, जिंसी, जयरामपुर कॉलोनी, जीवन की फैल, जय श्री नगर, तिलक पथ, तीन इमली, तोतला नगर, त्रिवेणी नगर, दुर्गा नगर (पालदा), दिव्य विहार कॉलोनी (उज्जैन रोड), धरमराज कॉलोनी, देवगुराड़िया, द्वारकापुरी (60 फीट), धीरज नगर, देवास नाका, निपानिया, नंदा नगर (रोड नंबर 10), नगीन नगर, नंदबाग, नया बसेरा, नया पीठा (New Price Colony), नौलखा (श्यामा चरण शुक्ला नगर), नैनोद मल्टी, पंचम की फैल, परदेशीपुरा (गली नंबर 6, डमरू उस्ताद चौराहा), पालदा, पाल्हर नगर, पवनपुरी कॉलोनी, पिपल्याहाना, पटनीपुरा, प्रजापत नगर, पिंक सिटी (78 पार्ट 2), पैलेस कॉलोनी, भागीरथपुरा, बाणगंगा, बड़ी भमोरी, बिचौली मर्दाना, बियाबानी, बंगाली चौराहा, बर्फानी धाम (सोलंकी नगर), मरीमाता चौराहा, मालवा मिल, मूसाखेड़ी (एकता नगर, सीताराम पार्क), मेघदूत नगर, महू नाका (समाजवाद नगर), महेश यादव नगर, यादव नगर, रामकृष्ण बाग कॉलोनी (वार्ड 37), राम नगर, राजनगर, राजेंद्र नगर, रणजीत हनुमान क्षेत्र, रोबोट चौराहा, रिद्धि सिद्धि, राणा कॉलोनी, विजय नगर (74C, स्कीम 54), विकास नगर, वीर सावरकर नगर, शिक्षक नगर, शीतल नगर, शिरपुर, श्री राम नगर, स्कीम नंबर 51, स्कीम नंबर 71, स्कीम नंबर 78, सुखदेव नगर, सुखलिया, संगम नगर, सुदामा नगर (D सेक्टर), संविद नगर (कनाड़िया रोड), सत्री गार्डन, सोमानी नगर, सुंदर नगर एक्सटेंशन (MR 10), सोमनाथ की चाल, एयरपोर्ट रोड और धार रोड के आस-पास की 60 फीट रोड की कई कॉलोनियों से भी शिकायतें मिली हैं।

# बस और थार की भिड़ंत एक छात्र की मौत

● न्यू ईयर पार्टी से लौटते वक्त हुआ हादसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। तेजाजी नगर बायपास स्थित कृपाल घाटी के पास गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना घटी। एक तेज रफ्तार थार कार अनियंत्रित होकर सामने से आ रही बस में जा घुसी। इस टक्कर में कार सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वाहन में सवार एक अन्य युवक और युवती गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

पुलिस की शुरुआती जांच में यह तथ्य सामने आया है कि कार सवार युवक और युवती 31 दिसंबर की पार्टी मनाकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी कार हादसे का शिकार हो गई। पुलिस को दुर्घटनाग्रस्त थार की तलाशी के दौरान वाहन के भीतर से शराब की बोतलें और खाने-पीने की अन्य सामग्री भी मिली है। हादसे में नागदा निवासी 24 वर्षीय शुभम कक्कर की जान चली गई है। बताया जा रहा है कि शुभम इंदौर में एक परीक्षा देने आया था और अपने परिचित प्रियांशु के आग्रह पर शहर में रुक गया था। घायल प्रियांशु निवासी नंदानगर और आयुषी घोष निवासी मंगलनगर को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद एक सावलिया नामक युवक घायलों और मृतक को अस्पताल लेकर पहुंचा था, लेकिन वह शव को वहीं छोड़कर फरार हो गया। पुलिस अब उस युवक की तलाश कर रही है। दुर्घटना के बाद पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर बायपास का यातायात सुचारू करवाया। बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

# नए साल में डबल डेकर ब्रिज, ट्विन टॉवर, कन्वेंशन सेंटर समेत कई मेगा प्रोजेक्ट होंगे पूरे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर विकास प्राधिकरण के पास शहर के सबसे महत्वपूर्ण विकास प्रोजेक्ट हैं और धन की कोई कमी नहीं है। इसी का परिणाम है कि बीते वर्ष जहां चार फ्लायओवरों का लोकार्पण हुआ, वहीं नए साल में शहर को कई बड़ी सौगातें मिलने जा रही हैं।**

इनमें लवकुश चौराहा पर बन रहा डबल डेकर ब्रिज, सीएम राइज स्कूलों के निर्माण और अन्य अधोसंरचना परियोजनाएं शामिल हैं। इसके साथ ही सुपर कॉरिडोर पर 22 मंजिला ट्विन टॉवर को स्टार्टअप पार्क के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसकी अनुमानित लागत 1156 करोड़ रुपए बताई गई है। इसके अलावा योजना 172 में 18 करोड़ रुपए की लागत से एक विशाल कन्वेंशन कम एग्जीबिशन सेंटर का निर्माण होगा। इसमें थ्री स्टार होटल और 5000 लोगों की क्षमता वाला हॉल होगा, जहां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के बड़े आयोजन संभव हो सकेंगे। प्राधिकरण के सीईओ डॉ. परीक्षित झाड़े के अनुसार, 7 टीपीएस योजनाओं में




विकास कार्य जारी हैं। इनमें मास्टर प्लान के तहत प्रमुख सड़कों, गार्डन और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। लंबे समय से लंबित एमआर-11 और एमआर-12 जैसी प्रमुख सड़क परियोजनाओं को भी इसी वर्ष पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे शहर की कनेक्टिविटी और ट्रैफिक व्यवस्था में बड़ा सुधार होगा। इंदौर मेट्रोपॉलिटन रीजन के प्रभावी क्रियान्वयन में भी IDA को विकास के सारथी की भूमिका निभानी है। आने वाले वर्षों में शहर को विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में प्राधिकरण की भूमिका निर्णायक और अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# युवा संगम कार्यक्रम 5 जनवरी को

**जिला रोजगार कार्यालय इन्दौर में आयोजित मेले में 350 से अधिक युवाओं को रोजगार पाने का सुनहरा अवसर**

इंदौर। राज्य शासन की मंशानुसार जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए लगातार रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं। युवा संगम कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित इस रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का उद्देश्य एक ही छत के नीचे रोजगार उपलब्ध कराना हैं। जिला रोजगार कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था और जिला उद्योग केन्द्र इन्दौर के संयुक्त तत्वाधान में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन आगामी 5 जनवरी 2026 सोमवार को प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। उक्त आयोजन जिला रोजगार कार्यालय (जिला उद्योग केन्द्र परिसर) इन्दौर में होगा।

जिला रोजगार कार्यलय के उप संचालक श्री पी. एस. मण्डलोई ने बताया कि रोजगार मेले में आवेदकों को कॅरियर बनाने का सुनहरे अवसर के साथ-साथ स्वयं का व्यवसाय प्रारम्भ करने के लिये लोन की प्रक्रिया बाबत मार्गदर्शन भी दिया जायेगा। साथ ही रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कम्पनियों जैसे- जैसे- एसकेएल रिसोर्सेज, इन्नोविस्ता फाइनेंशियल सर्विसेज, पेटीएम, जस्टडायल, शेफाली बिजनेस सोल्यूशन, भारत फाइनेंशियल सर्विसेस, मोजेक वर्क स्किल्स प्राइवेट लिमिटेड, फार्म ग्रोथ आदि के 350 से अधिक रिक्त पदों की पूर्ति के लिए प्रारम्भिक रूप से चयन हेतु उपस्थित रहेगी। इन संस्थानों में एचआर, सेल्स एक्जीक्यूटीव, टेलीकॉलर, ऑपरेटर, इलेक्ट्रीशियन, सैल्स, टीम लीडर, बैक ऑफिस, हेल्पर, सिक्यूरिटी गार्ड, गनमैन, ड्राईवर आदि के विभिन्न पदों हेतु आकर्षक वेतन पर युवाओं का चयन होगा। रोजगार प्रदान करने हेतु कम्पनियों के प्रतिनिधि आवेदकों के साक्षात्कार लेकर प्रारम्भिक रूप से चयन करेंगे। उक्त मेले में 18 से 40 वर्ष के आवेदक जो कि पाँचवीं उत्तीर्ण से लेकर स्नातकोत्तर किसी भी विषय में उतीर्ण एवं तकनीकी योग्यता जैसे आईटीआई के आवेदक भी उक्त पदों हेतु रोजगार मेले में भाग लेकर चयन हेतु उपस्थित अनुसार रोजगार प्राप्त कर सकते है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने वाले आवेदक अपनी समस्त शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्रों के साथ बायोडेटा की प्रतियों एवं अन्य प्रमाणपत्रों की फोटो प्रतियों भी आवश्यक रूप से साथ लायें।

# पीएससी के स्टूडेंट को घर से निकालकर पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। भंवरकुआ थाना क्षेत्र में एक छात्र के साथ बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है। सर्वानंद नगर स्थित एक बिल्डिंग में रहने वाले छात्र को एक दर्जन से अधिक युवकों ने डंडों से बुरी तरह पीटा। बीचबचाव करने आए उसके भाई के साथ भी मारपीट की गई। घटना का वीडियो गुरुवार को सोशल मीडिया पर सामने आया है। भंवरकुआ पुलिस के अनुसार यह घटना 25 दिसंबर देर रात की है। पुलिस ने दूसरे दिन ही एफआईआर दर्ज कर ली थी, लेकिन मामला सामान्य धाराओं में दर्ज होने को लेकर अब पीड़ित पक्ष ने सवाल खड़े किए हैं। वीडियो में निखिल रघुवंशी और उसके चचेरे भाई अक्षय के साथ मोहित मौर्य, आयुष मौर्य, सोनू हार्डिया, अनिस पटेल, हर्ष बन्ना, परविंद्र जाट, मोहित शर्मा, चिट्टू पटेल सहित अन्य युवक मारपीट करते नजर आ रहे हैं। पीड़ित निखिल ने बताया कि वह पीएससी की तैयारी कर रहा है। 25 दिसंबर की रात करीब 11 बजे उसका चचेरा भाई अक्षय कार से बिल्डिंग की ओर आ रहा था। इसी दौरान आयुष मौर्य की मोपेड से कार टच हो गई। इस बात पर आयुष ने गालीगलौज शुरू कर दी और अक्षय के साथ मारपीट करने लगा।

# अपर मुख्य सचिव द्वारा भागीरथपुरा क्षेत्र का निरीक्षण, पानी की टंकी से हुआ पानी सप्लाई

**हर क्षेत्र में निगम की टीम कर रही है पानी को चेक, टंकी एवं घरों से लिए गए सैंपल**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगरीय विकास एवं आवास विभाग अपर मुख्य सचिव संजय दुबे द्वारा भागीरथपुरा पानी की टंकी एवं आस पास के क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव साथ थे।**

अपर मुख्य सचिव श्री दुबे एवं निगम आयुक्त श्री यादव द्वारा भागीरथपुरा पानी की टंकी पर विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली गई, इस दौरान अपर मुख्य सचिव एवं निगम आयुक्त के समक्ष ही भागीरथपुरा पानी की टंकी से गुरुवार को जलप्रदाय किया गया, जल प्रदाय के दौरान क्षेत्र के हर बस्ती एवं कॉलोनी में निगम की टीम को तैनात किया गया, जिनके द्वारा पानी को चेक किया जा रहा था। इसके पश्चात माननीय अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं नियम आयुक्त द्वारा भागीरथ पूरा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया।





निरीक्षण के दौरान भागीरथपुरा पानी की टंकी से किए जा रहे जलप्रदाय लाइन का अवलोकन करते हुए, अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री दुबे द्वारा पानी के सैंपल को स्वयं चेक किया गया। इस दौरान रहवासियों से भी चर्चा की गई, नागरिकों को पानी उबालकर एवं छान कर ही उपयोग करने हेतु निगम अधिकारियों को लगातार अनाउंसमेंट करने के भी निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सीवरेज एवं पानी की लाइन लाइन में लीकेज के लिए क्षेत्र में किए गए कार्यों का भी अवलोकन किया गया। इस दौरान भागीरथपुरा स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया गया। स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले मरीज के स्वास्थ्य संबंधी रजिस्टर का भी अवलोकन किया गया, वर्तमान में कितने मरीज आए हैं और कितनों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा है इसकी भी जानकारी ली गई।

## कांग्रेस ने यमराज-'कमलछाप' के लगाए पोस्टर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगर निगम मुख्यालय में कई स्थानों पर कांग्रेसी नेताओं ने भागीरथपुरा में हुए घटनाक्रम को लेकर कंट्रोल रूम और उसके आसपास के कई विभागों की दीवारों पर पोस्टर चस्पा कर दिए, जिनमें यमराज और 'कमलछाप' मौत का पानी बांटने का आरोप लगाया गया है। जब कई कर्मचारी निगम मुख्यालय पहुंचे तो अलग-अलग स्थानों पर पोस्टर लगे देखकर अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। इसके बाद अधिकारियों के निर्देश पर पोस्टर हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई।**




कांग्रेस ने पोस्टरों में आरोप लगाया था कि नरभक्षी निगम द्वारा भागीरथपुरा में यमराज और 'कमलछाप' मौत का पानी बांटा गया। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि भाजपा-शासित इंदौर नगर निगम की घोर लापरवाही अब जनसंहार का रूप ले चुकी है। भागीरथपुरा क्षेत्र में ड्रेनेज और गंदे पानी की समस्या के कारण अब तक 10 निर्दोष नागरिकों की मौत हो चुकी है। कई लोग गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं, लेकिन नगर निगम और जिम्मेदार अधिकारी अब भी कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं। जिस नगर निगम को जनता को शुद्ध पेयजल देना था, वही निगम आज जनता को मौत का पानी पिला रहा है। तथाकथित "स्मार्ट सिटी" की हकीकत यह है कि नलों से जहर बह रहा है और भाजपा के जनप्रतिनिधि सिर्फ प्रचार में व्यस्त हैं। आज हालात ऐसे हैं कि इंदौर में यमराज भी कमल के साथ दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष विवेक खंडेलवाल ने मांग की है कि मृतकों के परिजनों को तत्काल उचित मुआवजा दिया जाए। दोषी अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई करते हुए आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए। प्रभावित क्षेत्रों में तुरंत शुद्ध पेयजल की स्थायी व्यवस्था की जाए। यदि भाजपा-शासित नगर निगम ने अब भी जिम्मेदारी नहीं ली, तो कांग्रेस मजबूर होकर सड़क से लेकर आंदोलन तक जाएगी और इस "मौत के नगर निगम" को जनता के कटघरे में खड़ा करेगी।

## भागीरथपुरा के कई निवासी अस्पतालों में भर्ती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भागीरथपुरा इंदौर में 1 जनवरी को भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं निरंतर प्रदान की गई। गुरुवार को विभाग ने 21 टीमें बनाई, जिसमें डॉक्टर, पैरामेडिकल, ए.एन.एम. आशा कार्यकर्ता सम्मिलित हैं, आशाकार्यकर्ता द्वारा क्षेत्र का व्यापक सर्वे किया जा रहा है, इस सर्वे में आज आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी सहयोग प्रदान कर रही हैं। घर-घर जाकर उबला पानी पीने एवं बाहर का भोजन व बाहर के कटे फल न खाने की समझाइश भी दे रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार क्षेत्र में 7 एम्बुलेंस लगाई गई हैं, 24x7 चिकित्सकों की ड्यूटी क्षेत्र में लगाई गई है, मरीजों को एम.व्हाय. चिकित्सालय, अरविंदों अस्पताल तथा बच्चों को चाचा नेहरु अस्पताल में रेफर किया जा रहा है, जो मरीज निजी चिकित्सालयों में जा रहें हैं, वहाँ पर भी निःशुल्क उपचार, जांच एवं औषधि हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी द्वारा निर्देशित किया गया है। गुरुवार को 1714 घरों का सर्वे किया गया, जिसमें लगभग 8571 लोगों की जांच की गई जिसमें से लगभग 338 मरीज मिले, मरीजों को वही पर प्राथमिक उपचार दिया गया। गुरुवार तक कुल 272 मरीज अस्पतालों में भर्ती किए गए, जिसमें से 71 मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। वर्तमान में अस्पतालों में भर्ती मरीजों की संख्या 201 है और आईसीयू में भर्ती मरीजों की संख्या 32 है।

## न्यू ईयर पार्टी पर दोस्त ने की दोस्त की जन्मदिन के दिन हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मल्हारगंज इलाके में नए साल की रात पार्टी के दौरान विवाद हो गया, जिसमें दोस्तों ने ही मिलकर एक दोस्त पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। पुलिस अधिकारी पूरे घटनाक्रम की जांच कर रहे हैं।

मल्हारगंज पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम पुष्पेंद्र (22) निवासी हुकुमचंद कॉलोनी बताया गया है।



31 दिसंबर की रात करीब 2 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि यहां एक मकान में कुछ युवकों के बीच विवाद हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। जांच में सामने आया कि कुछ युवक पार्टी कर रहे थे, इसी दौरान विवाद हो गया। चाकूबाजी में पुष्पेंद्र को चाकू के गंभीर घाव लगे, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस इस घटनाक्रम में आरोपियों की तलाश कर रही है। टीआई वीरेंद्र सिंह कुशवाह के मुताबिक 31 दिसंबर को पुष्पेंद्र पुत्र राजकुमार का जन्मदिन था। इसी आयोजन में उसने अपने अन्य दोस्तों के साथ गब्बू उर्फ नीरज यादव को भी बुलाया था। रात करीब साढ़े 12 बजे मजाक के दौरान पुष्पेंद्र ने नीरज यादव को अपशब्द कह दिए। इस बात पर दोनों के बीच विवाद हो गया, जिसमें नीरज ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। रात में दोस्त उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने रातभर आरोपी की तलाश की और अलसुबह नीरज यादव को हिरासत में ले लिया। आरोपी ने हत्या करना स्वीकार कर लिया है। पुष्पेंद्र कौशल के जीजा ने बताया कि पार्टी आरोपी बब्बू यादव के घर पर ही चल रही थी, जिसमें लगभग 8 से 10 लोग शामिल थे। पुष्पेंद्र के सीने पर एक ही वार हुआ, जिससे उसका हार्ट पंचर हो गया। चाकू मारने के बाद बब्बू मौके से भाग गया। उसका भाई पुष्पेंद्र को अस्पताल लेकर गया था। पुष्पेंद्र कोई काम नहीं करता था। वह तीन बहनों का इकलौता भाई था और सभी बहनों की शादी हो चुकी है। उसके पिता ब्रुक ब्राइंडिंग का काम करते हैं। पुष्पेंद्र की मौत के बाद उसके दोस्तों को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है।

## डॉक्टर के साथ मारपीट महिला मित्र से अभद्रता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भंवरकुआ थाना क्षेत्र में एक डॉक्टर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस घटना में तीन युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। भंवरकुआ पुलिस के अनुसार सेवा सरदार नगर निवासी डॉक्टर मेघराज सिंह चंद्रावत की शिकायत पर बुधवार को तीन इमली निवासी तन्मय सिलावट और उसके दो साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। डॉक्टर मेघराज ने पुलिस को बताया कि वह अपनी महिला डॉक्टर मित्र



महिमा को बस में बैठाने के लिए तीन इमली बस स्टैंड पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने अपनी एक्टिवा बस के पास खड़ी की थी। महिला मित्र को बस में बैठाने के बाद जब वे बाहर आए, तो वहां मौजूद दो युवकों से उनका विवाद हो गया। इसी दौरान तन्मय सिलावट ने अपशब्द कहे और मारपीट कर दी। घटना देख महिला मित्र महिमा भी बस से उतर आईं, जिस पर आरोपियों ने उनके साथ भी अभद्रता की। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। बाद में डॉक्टर मेघराज ने थाने पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मुख्यमंत्री ने खंडवा में राजराजेश्वरी मंदिर में की पूजा अर्चना

# माँ नर्मदा की कृपा से प्रदेश लगातार हो रहा है समृद्ध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश का तेजी से विकास हो रहा है। मध्यप्रदेश में कृषि विकास की दर लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इस वर्ष को 'किसान कल्याण वर्ष' के रूप में मना रही है। उन्होंने कहा कि नर्मदा नदी मध्यप्रदेश की जीवन रेखा है। मां नर्मदा की कृपा से हमारा प्रदेश



लगातार समृद्ध हो रहा है और यहां का कृषि उत्पादन भी लगातार बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को खंडवा जिले के मोरटक्का में नर्मदा नदी के तट पर स्थित श्री राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मंदिर में नव वर्ष के अवसर पर सपरिवार दर्शन कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित नागरिकों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मोरटक्का में स्थित राजराजेश्वरी सेवा भारती न्यास द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में की जा रही गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने राजराजेश्वरी सेवा भारती न्यास द्वारा प्रारंभ 'कुपोषण मुक्त भारत अभियान' के तहत संचालित मातृ एवं शिशु आरोग्य केंद्र का निरीक्षण किया और वहां उपस्थित गर्भवती व धात्री महिलाओं को पोषण आहार सामग्री वितरित की। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से चर्चा कर आरोग्य केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजराजेश्वरी सेवा भारती न्यास द्वारा निर्मित कराए जा रहे वेद विद्यालय के निर्माणाधीन भवन का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में कन्या-पूजन कर बालिकाओं को उपहार प्रदान किये। इस अवसर पर खंडवा विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तन्वे, मांधाता विधायक श्री नारायण पटेल, खंडवा महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव, पुलिस महानिरीक्षक श्री अनुराग, कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार राय सहित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे।

## रिश्वत मांगने वाली आयुष अधिकारी और बाबू रंगे हाथ धराए



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर, एजेंसी।** लोकायुक्त पुलिस ने गुरुवार को काम के बदले पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए आयुष अधिकारी निर्मला कुशवाहा और बाबू आनंद साहू को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से पूरे विभाग में हड़कंप मच गया है। सागर से आई 11 सदस्यीय लोकायुक्त टीम ने सुनियोजित ढंग से इस ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम का नेतृत्व निरीक्षक कमल उइके (सागर) कर रहे थे। उनके साथ प्रधान आरक्षक शफीक खान, आरक्षक संतोष, राघवेंद्र सहित अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। पूरी कार्रवाई बेहद गोपनीयता के साथ की गई। मामले में आयुष विभाग के एक प्यून से उसके कार्य के बदले 5 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की जा रही थी। शिकायतकर्ता के अनुसार यह अवैध मांग आयुष अधिकारी निर्मला कुशवाहा और बाबू आनंद साहू के माध्यम से की गई थी। मजबूरी में कर्मचारी ने इसकी शिकायत लोकायुक्त से की। शिकायत की पुष्टि के बाद लोकायुक्त ने जाल बिछाया। जैसे ही तय राशि कर्मचारी से ली गई, लोकायुक्त टीम ने तुरंत दबिश देकर दोनों आरोपियों को रंगे हाथ धर दबोचा। रिश्वत की रकम मौके से जब्त कर ली गई है।

## पहले दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में नए साल 2026 के पहले दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई है। उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर में दर्शन के लिए मंदिर परिसर के बाहर श्रद्धालुओं की करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी लाइन लगी है। सुबह 11 बजे तक करीब 85 हजार श्रद्धालु दर्शन कर चुके थे। विश्वकप विजेता महिला क्रिकेट टीम की सदस्य भी बाबा का आशीर्वाद लेने पहुंचीं। ग्वालियर में यातायात पुलिस और एसोसिएशन ऑफ ग्वालियर यूथ सोसाइटी लोगों को दूध का वितरण कर रही है। इसके साथ मैसेज दे रही है कि नए साल की शुरुआत शराब से नहीं, दूध से करें। एएसपी अनु बेनिवाल ने भी दूध से भरा गिलास लोगों को दिया। साल 2025 की विदाई और 2026 के वेलकम के लिए रात में ग्रैंड सेलिब्रेशन हुआ। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर-जबलपुर हो या उज्जैन, पचमढ़ी, मांडू। देर रात तक पूरा प्रदेश जश्न में डूबा रहा। रात ठीक 12 बजे 'हैप्पी न्यू ईयर' गूंज उठा।

## विकसित भारत 2047 के दृष्टिगत नई ऊर्जा से कार्य करने की अपेक्षा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों से अपेक्षा की है कि वे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार 'विजन 2047 विकसित भारत' में मध्यप्रदेश के योगदान के दृष्टिगत कार्य-योजना बनाकर योजनाओं और कार्यक्रमों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

उन्होंने 'ईज आर्फ लिविंग' और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के सूत्र को अपनाते हुए आम आदमी के जीवन तथा रोजगार व्यवसाय को आसान, सुगम और सरल बनाने के लिए नियम कानून में आवश्यक सुधार और



बदलाव करने के लिए कहा है। मुख्य सचिव श्री जैन वर्ष 2026 के पहले दिन गुरूवार को मंत्रालय वल्लभ भवन में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभागीय लक्ष्यों के निर्धारण एवं कार्ययोजना पर हुई बैठक में विचार-विमर्श कर रहे थे। इस अवसर अधिकारियों ने नव-वर्ष पर मुख्य सचिव श्री जैन और पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना को पुष्प-गुच्छ भेंट कर शुभकानाएं दीं। मुख्य सचिव ने भी सभी अधिकारियों को नव-वर्ष पर शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए नई ऊर्जा से काम करने के लिए कहा।

## रेप के बाद कॉलेज छात्रा की हत्या...नर्मदा में फेंका शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम।, एजेंसी** नर्मदापुरम में एकतरफा प्यार में 17 वर्षीय कॉलेज छात्रा की बेरहमी से हत्या कर दी गई। आरोपी ने पहले नर्मदा नदी किनारे नाबालिग के साथ रेप किया। फिर गला दबाकर उसकी जान ले ली और साक्ष्य छिपाने के लिए शव को नदी में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी आकाश सोलंकी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, 31 दिसंबर को नाबालिग का शव मिला था। आरोपी पीड़िता से एकतरफा प्यार करता था। 10 दिन से पीड़िता ने आरोपी से बातचीत बंद कर दी थी, जिससे नाराज होकर आरोपी आकाश ने उसे घूमने के बहाने 28 दिसंबर की रात को ले गया था। बुधनी रोड स्थित पुल से नीचे खर्राघाट पर उससे जबरदस्ती की। 29 दिसंबर को पीड़िता का मोबाइल बंद आ रहा था। नाबालिग के परिजनों ने उसकी सहेली को कॉल कर पूछा। उसने बताया कि रात को लड़की अपने एक दोस्त के साथ में घूमने का कहकर निकली थी। एसडीओपी जितेंद्र पाठक ने बताया 29 दिसंबर को कोतवाली थाने में नाबालिग लड़की के लापता होने की शिकायत दर्ज हुई।

# विजयवर्गीय के बंगले के बाहर महिला कांग्रेस ने घंटियां बजाईं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों और बीमार लोगों को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में दिए गए बयान के बाद प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। एक ओर जहां बयान को लेकर सियासी बयानबाजी तेज है। वहीं राजधानी भोपाल में महिला कांग्रेस ने मंत्री के सरकारी निवास का घेराव कर विरोध दर्ज कराया।**

महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता हाथों में घंटियां लेकर मंत्री के निवास पहुंचीं और घंटी बजाकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ जमकर नारेबाजी की



और उनके इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन में कांग्रेस के पूर्व मंत्री पीसी शर्मा और जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना भी मौजूद रहे। महिला कांग्रेस नेत्रियों ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की फोटो पर जूते-चप्पल भी बरसाए। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि इंदौर की घटना के बाद इस तरह का बयान यह दर्शाता है कि सत्ता के नशे में भाजपा नेता मदमस्त हो गए हैं। उन्हें लगता है कि ऐसे बयानों के बावजूद जनता उन्हें जिताती रहेगी, लेकिन यह सोच गलत है। उन्होंने मांग की कि घटना में मृतकों के परिवार से एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए, प्रत्येक परिवार को एक करोड़ रुपए मुआवजा मिले और कैलाश विजयवर्गीय से तत्काल इस्तीफा लिया जाए। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कंसाना ने कहा कि यह प्रदर्शन कैलाश विजयवर्गीय के गैर-जिम्मेदाराना बयान के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि ऐसे संवेदनशील मामले में मंत्री का बयान बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और इसका विरोध जरूरी है।

## रिसॉर्ट में इवेंट मैनेजर से रेप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** भोपाल के केरवा जंगल कैंप रिसॉर्ट में प्रॉपर्टी डीलर ने 19 वर्षीय युवती के साथ रेप किया। उसने आर्थिक मदद करने के बहाने बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात युवती को मिलने बुलाया था। जान से मारने की धमकी देकर ज्यादती की, फिर भाग निकला। युवती ने रातीबड़ थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने रेप का प्रकरण दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है। पीड़िता का आरोप है कि प्रॉपर्टी डीलर ने अपना परिचय समीर नाम से दिया था। उसका असली नाम जहूर है। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता इवेंट मैनेजमेंट का काम करती है। जहूर से उसकी मुलाकात एक सहेली के जरिए हुई थी। मां की तबीयत खराब होने की वजह से युवती को पैसों की जरूरत थी। उसने जहूर से 5 हजार रुपए की मदद मांगी थी।

## मध्यप्रदेश में छोटे दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में अनावश्यक निरीक्षणों पर रोक

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दिशा निर्देशों के अनुसार मध्यप्रदेश शासन श्रम विभाग द्वारा मध्य प्रदेश दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1958 में महत्वपूर्ण संशोधन किया गया है। यह संशोधन राज्य में इज ऑफ डुईंग बिजनेस को बढ़ावा देने तथा दुकानदारों एवं प्रतिष्ठान संचालकों पर अनुपालन का अनावश्यक भार कम करने के उद्देश्य से किया गया है। संशोधन के अंतर्गत अब ऐसी दुकानें एवं संस्थान, जिनमें 20 से कम कर्मचारी कार्यरत हैं, उनके यहाँ श्रम निरीक्षकों द्वारा निरीक्षण केवल राज्य सरकार की पूर्व अनुमति से ही किया जा सकेगा। इससे अनावश्यक रीक्षणों पर रोक लगेगी।

## संपादकीय

# भारत की विदेश नीति का 'स्वर्ण युग'

भारत की विदेश नीति के लिए यह बड़ा साबित होने वाला है। इसकी शुरुआत गणतंत्र दिवस से हो रही है, जिसमें भारत-यूरोपियन यूनियन शिखर सम्मेलन में राष्ट्राध्यक्षों के साथ होने वाली बैठकें भी शामिल हैं। मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर की उम्मीदों के चलते भारत-यूरोपियन यूनियन शिखर सम्मेलन की अहमियत बहुत ज्यादा बढ़ चुकी है। इसके तुरंत बाद फरवरी में ही एआई इम्पैक्ट समिट भी होना है। भारत इसी साल आगे चलकर ब्रिक्स शिखर सम्मेलन (BRICS summit) की भी मेजबानी करने जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार इसी साल दिल्ली में भारत-अफ्रीका शिखर सम्मेलन का भी आयोजन हो सकता है। ये सभी बैठकें और सम्मेलन जियो-पॉलिटिक्स में बहुत बड़े बदलाव का रास्ता साफ कर सकते हैं। भारत-यूरोपियन यूनियन शिखर सम्मेलन गणतंत्र दिवस के दौरान ही दिल्ली में होगा, जिसके लिए इन देशों के नेताओं को गेस्ट ऑफ ऑनर के तौर पर बुलाया गया है। एक्सपर्ट का कहना है कि एआई समिट ग्लोबल साउथ के लिए भारत को अपना एजेंडा सेट करने का मौका दे सकता है। क्योंकि, इसकी अगुवाई करने पर चीन और पश्चिम के कुछ देशों की भी नजरें लगी हुई हैं। एआई समिट में ब्राजील के राष्ट्रपति और कनाडा के प्रधानमंत्री भी शामिल होने वाले हैं। इनके अलावा फ्रांस के राष्ट्रपति भी भाग ले सकते हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस साल भी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए भारत आ सकते हैं। वहीं चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के भी इसमें भाग लेने की संभावना है। इससे पहले 2019 में जिनपिंग भारत आए थे। ईटी को मिली जानकारी के अनुसार ब्रिक्स समिट में भारत बहुपक्षीय संस्थानों में सुधारों पर जोर देगा और ग्लोबल साउथ के लिए एक समावेशी एजेंडे को आगे बढ़ाने की कोशिश करेगा। भारत इस साल क्वाड शिखर सम्मेलन भी आयोजित करने की सोच रहा है, जो 2025 में नहीं हो पाया। अगर इसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत आ जाते हैं, तो मौजूदा जियो-पॉलिटिक्स के लिए यह एक बहुत अहम बदलाव साबित हो सकता है। भारत और अमेरिका अभी तक अपने ट्रेड डील को पूरी तरह से फाइनल नहीं कर पाए हैं और हो सकता है कि क्वाड से पहले इसका भी कोई सकारात्मक रास्ता निकल पाए। खास बात ये है कि इसी साल बाद में अमेरिका जी20 शिखर सम्मेलन की भी मेजबानी करने वाला है। जहां तक द्विपक्षीय शिखर सम्मेलनों की बात है तो भारत जहां जापान के साथ वार्षिक शिखर सम्मेलन आयोजित करेगा, वहीं रूस, भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने वाला है। शिखर सम्मेलन के लिए जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री भारत आ सकती हैं, जिसमें उनका फोकस भारत में निवेश बढ़ाने और क्रिटिकल टेक्नोलॉजी में भागीदारी पर जोर देने की रहेगी। इसके अलावा नॉर्वे में इंडिया नॉर्डिक समिट की भी योजना है, जिसमें आर्थिक भागीदारी पर सबसे ज्यादा फोकस रह सकता है। 2026 में जिन वैश्विक नेताओं के भारत आने की संभावना है, उनमें जर्मन चांसलर और इजरायली प्रधानमंत्री भी नाम शामिल हैं।

## महिला जगत

**2026 महिला के लिए अपने अधिकार और क्षमताओं को पहचानने का साल है। अगर एक महिला खुद को गंभीरता से लेने लगे, तो दुनिया उसे नज़रअंदाज़ नहीं कर सकती। इसके लिए महिलाओं को कुछ वादे खुद से करने होंगे।**

### नए साल पर महिलाओं के लिए संकल्प, जो बनाएं

# आत्मनिर्भर और सशक्त

**नया साल केवल तारीख बदलने का नाम नहीं होता, यह आत्मसम्मान को नए सिरे से परिभाषित करने का अवसर होता है, खासतौर पर महिलाओं के लिए। सदियों से महिलाओं ने परिवार, समाज और रिश्तों के बीच खुद को पीछे रखा है। लेकिन 2026 अब और इंतज़ार का साल नहीं है। यह वह समय है, जब महिला को समझौता करने वाली नहीं, निर्णय लेने वाली बनना होगा। महिला सशक्तिकरण केवल नारा नहीं है, रोजमर्रा के छोटे लेकिन साहसी फैसलों का परिणाम है। असली ताकत बाहर से नहीं आती, वह दृढ़ संकल्प और खुद से किए वादों से जन्म लेती है। अगर साल 2026 में हर महिला खुद से ये पांच संकल्प कर लें तो बदलाव केवल उनके जीवन में नहीं, पूरे समाज में दिखेगा। खुद की क्षमताओं और अधिकारों को समझें, खुद को गंभीरता से लेना शुरु करें ताकि कोई दुनिया आपको नजरअंदाज न कर पाए। ये रहे महिलाओं के लिए नए साल 2026 के संकल्प, जो बना सकते हैं उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त।**



### महिलाओं के लिए 2026 के संकल्प

#### ● मैं अपनी पहचान से समझौता नहीं करूंगी

2026 में पहला और सबसे जरूरी संकल्प है कि अपनी स्वतंत्र पहचान और अस्तित्व को बनाए रखें। महिला सिर्फ किसी की बेटी, पत्नी या मां नहीं है। वह एक स्वतंत्र व्यक्तित्व है। अब दूसरों की अपेक्षाओं के बोझ तले अपनी इच्छाओं को कुचलना बंद करना होगा।करियर हो, शिक्षा हो या जीवन के फैसले महिला को अपनी आवाज खुद बनना होगा।

#### ● मैं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाऊंगी

पैसे से खुशी नहीं आती, लेकिन पैसों की कमी आत्मसम्मान तोड़ देती है। साल 2026 में संकल्प लें कि अपनी कमाई, सेविंग और निवेश पर खुद नियंत्रण रखेंगी। फाइनेंशियल लिटरेसी सीखें। पूछकर खर्च करने की आदत छोड़ें, क्योंकि आर्थिक स्वतंत्रता ही असली आज़ादी है।

#### ● मैं अपने शरीर और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दूंगी

महिलाएं सबका ख्याल रखती हैं, लेकिन खुद का नहीं। अब यह चक्र तोड़ना होगा। स्वस्थ महिला ही सशक्त महिला होती है। 2026 में खुद से वादा करें कि थकान को कमजोरी नहीं बनने देंगी। अपने खानपान का ख्याल रखते हुए स्वस्थ जीवनशैली को अपनाएंगी। मानसिक तनाव पर चुप नहीं रहेंगी और जरूरत पड़ने पर मदद मांगने से हिचेंगी नहीं।

#### ● मैं दूसरी महिलाओं की ताकत बनूंगी, प्रतिस्पर्धा नहीं

महिला सशक्तिकरण तब अधूरा है, जब महिलाएं ही एक-दूसरे की राह रोकें। 2026 में संकल्प लें कि जलन नहीं, सहयोग चुनेंगी। एक-दूसरे की सफलता का जश्न मनाएंगी। चुप रहने के बजाय आवाज उठाने से डरेंगी नहीं। जब महिलाएं साथ खड़ी होती हैं, तब व्यवस्था हिलती है।

#### ● मैं 'ना' कहना सीखूंगी, बिना अपराधबोध के

हर बार 'हां' कहना संस्कार नहीं, आत्म-उपेक्षा है। 2026 में महिला को यह समझना होगा कि अपनी सीमाएं तय करना स्वार्थ नहीं है। गलत व्यवहार सहना मजबूरी नहीं है। 'ना' कहना आत्मसम्मान की पहली सीढ़ी है।

Karnataka

# बल्लारी हिंसा मामले में भाजपा विधायक समेत 11 के खिलाफ एफआईआर दर्ज, इलाके में भारी पुलिस बल तैनात

**बल्लारी, (एजेंसी)** कर्नाटक के बल्लारी में गुरुवार को हुई हिंसा के मामले में भाजपा विधायक जनार्दन रेड्डी समेत 11 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं हिंसा के बाद बल्लारी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। दरअसल बैनर लगाने को लेकर कांग्रेस विधायक भरत रेड्डी और भाजपा विधायक जनार्दन रेड्डी के समर्थक आपस में भिड़ गए थे। इस हिंसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।


पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया 'फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और अतिरिक्त सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। हालात अभी शांतिपूर्ण हैं और सभी एहतियाती कदम उठाए गए हैं और यह सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी अवांछित घटना न हो।' सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में दिख रहा है कि एक व्यक्ति हथियार लहरा रहा है और हवाई फायरिंग कर रहा है। इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार को भाजपा विधायक जनार्दन रेड्डी, पूर्व मंत्री और भाजपा नेता श्रीरामुलु, शेखर, अलिखन और सोमशेखर रेड्डी समेत 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



बल्लारी में 3 जनवरी को वाल्मिकी जी की प्रतिमा का अनावरण होना है। इसे लेकर एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसके पोस्टर-बैनर शहर भर में लगाए जा रहे हैं।

Uttarpradesh

# पुलिस का लोगो लगी कार ने स्कूटी सवार को 10KM घसीटा... सड़क लाल, शव के उड़े चीथड़े



**अदलहाट/शेरवां (मिर्जापुर), (एजेंसी)** दिल्ली के कंझावला में साल 2023 में 31 दिसंबर और 1 जनवरी 2023 की मध्य रात एक युवती की कार से घसीटने से मौत हो गई थी। कार उसे 10 किलोमीटर से ज्यादा दूर तक घसीटते हुए ले गई थी। ऐसा ही मामला यूपी के मिर्जापुर जिले के शेरवां क्षेत्र में सामने आया। बीते गुरुवार को अदलहाट थाना क्षेत्र के भुईली खास गांव के पास दोपहर सवा एक बजे कार ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी थी। हादसे के बाद स्कूटी सवार धर्मेंद्र कार में फंस गया। पुलिस का लोगो लगी कार धर्मेंद्र को घसीटते हुए भागने लगी। रास्ते में कंबल वितरण के लिए आए लोगों को भी कार ने टक्कर मारी। 10 किमी दूर शेरवां चौकी के आगे चंदौली के मझगवां जाकर कार युवक समेत सड़क किनारे खेत में उतर गई। इस दौरान 10 किमी तक की सड़क खून से लाल हो गई।

शरीर के चीथड़े उड़ गए थे। कुछ हिस्सा बचा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार सवार एक को पकड़ा जबकि दूसरा भाग गया। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने पुलिस चौकी शेरवां पर हंगामा किया। पुलिस चौकी के बाहर चक्काजाम कर दिया। मौके पर फोर्स के साथ पहुंचे चकिया विधायक कैलाश आचार्य एसडीएम व सीओ चुनार के समझाने पर एक घंटे बाद जाम समाप्त हुआ।

Rajasthan

# जहां हुई थी पत्थरबाजी, वहां चले बुलडोजर.... जयपुर के चौमूं में अतिक्रमण पर बड़ा एक्शन

**चौमूं, (एजेंसी)** जयपुर के चौमूं कस्बे में शुक्रवार सुबह प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई शुरू की. यह कार्रवाई उसी इलाके में हो रही है, जहां कुछ दिन पहले अतिक्रमण हटाने गई पुलिस टीम पर हिंसक भीड़ ने पथराव किया था. प्रशासन का कहना है कि सड़क पर अवैध रूप से लगाए गए लोहे के रेलिंग और अन्य ढांचे यातायात में बाधा बन रहे थे, जिन्हें हटाना जरूरी था. बड़ी संख्या में पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर तैनात हैं ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके. प्रशासन का दावा है कि यह कार्रवाई पूरी तरह कानून के तहत और न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप की जा रही है. बता दें कि जयपुर से करीब 40 किलोमीटर दूर स्थित चौमूं में दिसंबर 2025 के अंतिम सप्ताह में कलंदरी मस्जिद के पास बस स्टैंड क्षेत्र में लंबे समय से पड़े बड़े पत्थरों और लोहे की रेलिंग को हटाने की कोशिश की गई, जो सड़क पर अतिक्रमण माने जा रहे थे. इससे ट्रैफिक जाम की समस्या वर्षों से बनी हुई थी. 25 दिसंबर की रात को मस्जिद समिति और नगर निगम के बीच बातचीत हुई, जिसमें पत्थर हटाने पर सहमति बनी.

New Delhi

# पहाड़ों से मैदान तक कंपकंपाती ठंड, घने कोहरे से आमजन प्रभावित; हिमाचल-उत्तराखंड में बर्फबारी का अलर्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** नए साल की पहली सुबह मौसम ने तीखे तेवर दिखाए। पहाड़ी इलाकों से लेकर उत्तर और मध्य भारत के मैदानी क्षेत्रों तक कड़कड़ाती ठंड रही और घने कोहरे के कारण भी जनजीवन बाधित रहा। कई राज्यों में शीतलहर और कोहरे को लेकर ऑरेंज व यलो अलर्ट जारी किया गया है। जम्मू-कश्मीर और आसपास के पर्वतीय इलाकों में भारी बारिश और जमकर बर्फबारी से ठंड का प्रकोप और तेज हो गया है।

मौसम विभाग की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक, कई स्थानों पर सुबह और रात के समय दृश्यता बेहद कम हो गई है, जिससे सामान्य गतिविधियां तक प्रभावित हो रही हैं। मौसम विभाग ने बताया कि एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ पहले उत्तर पाकिस्तान और आसपास के अफगानिस्तान के हिस्सों में मौजूद था, जो अब पंजाब और उसके आसपास के क्षेत्रों तक पहुंच गया है। इसके प्रभाव



से उत्तर भारत में बादल छाए हुए हैं और कई जगहों पर बारिश व बर्फबारी दर्ज की जा रही है।

हरियाणा और आसपास के इलाकों में ऊपरी हवा में चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। इससे पश्चिमी विक्षोभ अधिक सक्रिय और शक्तिशाली बना हुआ है। पूर्वानुमान के मुताबिक, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 2 और 3 जनवरी को हल्की से मध्यम बारिश तथा ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो सकती है।

खेल

# न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए पंत को मौका देंगे चयनकर्ता? पडिक्कल के नाम पर भी विचार संभव

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतीय टीम को नए साल पर न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है। इसके लिए आने वाले कुछ दिनों में भारतीय टीम का एलान हो सकता है। सबसे ज्यादा चर्चा इस बात को लेकर है कि चयनकर्ता ऋषभ पंत को इस सीरीज के लिए मौका देते हैं या नहीं। पंत पिछले कुछ समय से अच्छी फॉर्म में नहीं चल रहे हैं और उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में एक भी अर्धशतक नहीं लगाया है।

पंत टीम में शामिल होंगे या नहीं इसका पता तो टीम की घोषणा होने पर ही चलेगा। पंत पिछले 18 महीनों में एक भी वनडे नहीं खेले हैं और अगर उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में मौका नहीं मिलता है तो यह अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति की ज्यादती होगी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच यह सीरीज 11 जनवरी से होगी जिसमें रोहित शर्मा और विराट कोहली भी खेलते नजर



आएंगे।

यह किसी से छिपा नहीं है कि भारतीय टीम प्रबंधन में कम से कम एक सदस्य को तो पंत का अधिक जोखम से अधिक फायदा वाला रवैया पसंद नहीं है और वह चाहते हैं कि बल्लेबाजी में पंत पारंपरिक रवैया अपनाएं। लेकिन दूसरा मौका दिए बिना पंत को बाहर करने से कई सवाल खड़े होंगे। पंत ने 2025 में एक भी वनडे नहीं खेला हालांकि वह चैंपियंस ट्रॉफी टीम और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले महीने वनडे टीम का हिस्सा थे। सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ को चौथे नंबर पर आजमाया गया और तीनों मैचों में पंत बाहर रहे।

पंत ने 2018 में पदार्पण के बाद से सिर्फ 31 वनडे खेले हैं। उन्होंने 30 जून 2019 से 14 जनवरी 2020 के बीच में 11 वनडे खेले। फिर कोविड के बाद उन्होंने 26 मार्च 2021 से 30 नवंबर 2022 तक 15 वनडे खेले और एक शतक, दो बार 75 से अधिक रन और एक 85 रन की पारी खेली। इसके बाद वह भयावह कार दुर्घटना का शिकार हो गए। फिर 2024 में वापसी के बाद से उन्होंने कोलंबो में एकमात्र वनडे खेला। विजय हजारे ट्रॉफी के चार मैचों में वह एक ही में 70 रन बना सके। वहीं ईशान किशन ने झारखंड के लिए कर्नाटक के खिलाफ पहले ही मैच में 14 छक्के लगाए। ध्रुव जुरेल ने भी उत्तर प्रदेश के लिए शतक जमाया और वह पिछली वनडे सीरीज में भारतीय टीम में थे। 15 सदस्यीय टीम में तीन विकेटकीपर तो नहीं हो सकते और बल्लेबाज विकेटकीपर के तौर पर पहली पसंद केएल राहुल ही हैं। अब देखना यह होगा कि क्या पंत या जुरेल की जगह ईशान टीम में आते हैं।

देवदत्त पडिक्कल के नाम पर भी विचार होगा जिन्होंने 37 मैचों में 92 से अधिक की औसत से रन बनाए हैं। लेकिन कप्तान शुभमन गिल की वापसी और दूसरे छोर पर रोहित शर्मा की मौजूदगी के अलावा पिछले वनडे में शतक जमाने वाले यशस्वी जायसवाल के रहते हुए पडिक्कल को जगह मिलना मुश्किल लग रहा है।

सिनेमा

# 1000 करोड़ कमाने के बाद 'धुरंधर' में हुआ ये बदलाव, सरकार ने दिया आदेश!



आदित्य धर की 'धुरंधर' पिछले 28 दिनों से थिएटर्स में लगी हुई है. इस दौरान कई बड़ी फिल्में भी साथ में आ गईं, लेकिन उनमें से कोई भी 'धुरंधर' की आंधी को रोक नहीं पाया. फिल्म वर्ल्डवाइड 1000 करोड़ रुपये कमा चुकी है. अब नए साल में भी 'धुरंधर' थिएटर्स में लगी है, मगर एक नए वर्जन के साथ. खबर है कि 'धुरंधर' में सूचना एवं प्रसार मंत्रालय ने कुछ बदलाव कराए हैं. फिल्म का नया वर्जन 1 जनवरी 2026 से देशभर के हर थिएटर्स में देखा जाएगा. बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म में 'बलोच' शब्द को म्यूट किया गया है. इसके साथ-साथ कुछ और शब्दों और डायलॉग्स को भी बदला गया है. सूत्रों का कहना है, 'आज 31 दिसंबर को पूरे देश के थिएटरों को डिस्ट्रीब्यूटर्स की तरफ से ईमेल आया. उसमें बताया गया कि फिल्म का DCP यानी डिजिटल कॉपी को बदल दिया गया है. फिल्म में दो शब्दों को म्यूट कर दिया गया है और एक डायलॉग को थोड़ा बदल दिया गया है. ये बदलाव भारत के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के निर्देश के अनुसार किए गए हैं. थिएटर वालों से कहा गया है कि वो नई वाली कॉपी डाउनलोड कर लें और 1 जनवरी 2026 से फिल्म की ये नई वाले वर्जन को ही चलाएं.' इंडिया टुडे को मिली जानकारी के मुताबिक, फिल्म में 'बलोच' शब्द सिर्फ एक या दो जगह ही म्यूट किया गया है. सूत्रों के अनुसार, ये सब तब हुआ जब बलोच समुदाय के लोगों ने पिछले हफ्ते गुजरात हाई कोर्ट में जाकर फिल्म के खिलाफ कार्रवाई की मांग की.

## Highlights

1. HPCL Pachpadra refinery nears completion ahead of PM Modi's visit
2. Drunk Lucknow inspector rams security barricades on NYE, arrested
3. Rajasthan makes 10-min daily newspaper reading mandatory in schools
4. I'm confused: Vijayvargiya on Indore water contamination death toll
5. NASA astronaut Sunita Williams to be 'Guest of Honour' at KLF 2026
6. How much will a ticket on Vande Bharat sleeper train cost?

# Gold and silver open 2026 with gains following huge annual surge



**NEW DEIHI, (Agency).** Prices of gold and silver advanced as trading in 2026 kicked off, building on their best annual performances since 1979.

Gold gained 0.7% to $4,348.42 an ounce at 8:00 am in Singapore, while silver was up 1.5% at $72.7175. Palladium and platinum gained nearly 2% each. The Bloomberg Dollar Spot Index was flat.

While traders have flagged the metals could do well in 2026 on further US interest-rate cuts and dollar weakness, there's near-term concern that broad portfolio index re-balancing may pressure prices. Given the metals have rallied, their presence in indices may have exceeded target allocations, prompting passive tracking funds to sell some contracts.

"We expect a massive 13% of aggregate open interest in Comex silver markets will be sold over the coming two weeks, to result in a dramatic repricing lower," Daniel Ghali, a senior commodity strategist at TD Securities, wrote in a note.

Trading may be thin on Friday given that several major markets, including Japan and China, remain on holiday.

# GST collection grows 6.1% in December 2025 as rate-cut impact shows

**NEW DEIHI, (Agency).** India's GST collections is showing a marginal improvement as the impact of GST 2.0 continued to weigh on domestic indirect-tax revenue.

Gross GST collection rose 6.1% to over ₹1.74 lakh crore in December 2025, as against ₹1.64 lakh crore in the year-ago period and ₹1.70 lakh crore in the previous month, according to government data released on Thursday. That also compares with all-time high GST collection of ₹2.36 lakh crore in April 2025.




GST collections in December 2025- Local GST revenue rose 1.2% year-on-year to ₹1.22 lakh crore.

GST revenue from imports rose 19.7% year-on-year to ₹51,977 crore.

GST refunds were up 31% year-on-year at ₹28,980 crore.

Net GST revenue rose 2.2% year-on-year to ₹1.45 lakh crore.

GST compension cess fell 64.69% year-on-year to ₹4,238 crore.

Gross GST collection rose 6.1% year-on-year to ₹1.74 lakh crore.

"The moderation in domestic GST collection aligns with expectations following the GST rationalisation," Saurabh Agarwal, tax partner at EY India, told HT.com over WhatsApp. "However, the uptick in GST collections on imports warrants a closer look, as it is not in alignment with the Atmanirbhar Bharat vision of self-reliance."

On 22 September 2025, the Narendra Modi government cut GST rate on soaps to small cars, while doing away with the compensation cess altogether.

पुलिस ने तेज आवाज वाले

# 101 साइलेंसरों पर बुलडोजर चलवाया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कनाडिया थाना पुलिस ने 1 जनवरी को शहर में शोर मचाने वाले तेज आवाज वाले साइलेंसरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 101 साइलेंसरों को बुलडोजर से नष्ट कर दिया। ये सभी साइलेंसर हाल ही में तेज आवाज करने वाली बुलेट मोटरसाइकिलों पर की गई कार्रवाई के दौरान जब्त किए गए थे।**

यह अभियान एडिशनल डीसीपी अमरेन्द्र सिंह के निर्देश पर जोन-2 क्षेत्र में चलाया गया था। गुरुवार को टीआई सहर्ष यादव और उनकी टीम ने जब्त साइलेंसरों को सड़क पर रखवाकर सार्वजनिक रूप से नष्ट किया। वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि तेज आवाज करने वाले वाहनों के खिलाफ यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि शहर में ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। 31 दिसंबर की रात पुलिस ने विशेष मुहिम चलाकर 300 से अधिक वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान लापरवाही से वाहन चलाने वाले करीब 130 चारपहिया वाहनों को जब्त किया गया, जबकि लगभग 204 दोपहिया वाहनों पर भी कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह अभियान देर रात से लेकर सुबह 4 बजे तक चला। इस दौरान शहर के कई थाना क्षेत्रों में 200 से अधिक लोगों पर प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की गई। इसके अलावा, सड़कों पर बाइक से हुड़दंग मचाने वाले युवाओं को भी पुलिस ने पकड़कर उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए। पुलिस का कहना है कि इस तरह की मुहिम आगे भी जारी रहेगी।

# महिला ने फांसी लगाकर जान दी, एक माह पहले ही हुई थी पति की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बजरंग नगर में रहने वाली 65 वर्षीय महिला ने 31 दिसंबर की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि महिला पति की मौत के बाद से डिप्रेशन में थी। उसके पति की मौत बीमारी के चलते एक माह पहले हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

हीरानगर पुलिस के मुताबिक मृतिका की पहचान मधु शर्मा (65) निवासी बजरंग नगर के रूप में हुई है। 31 दिसंबर की रात करीब 11 बजे पड़ोसियों ने देखा कि महिला के घर का दरवाजा खुला हुआ है। शक होने पर उन्होंने अंदर झांककर देखा तो मधु शर्मा फंदे पर लटकी हुई मिलीं। इसके बाद तुरंत उनके बेटे अंकित शर्मा को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर अंकित घर पहुंचा और मां को फंदे से नीचे उतारा, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस को भी घटना की जानकारी दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई की गई। अंकित शर्मा ने पुलिस को बताया कि घटना के समय उनकी मां घर पर अकेली थीं। उनकी पत्नी और बेटा दो दिन पहले ही मौसी के घर गए हुए थे। अंकित पेशे से इलेक्ट्रीशियन है और 31 दिसंबर की रात चर्च में लाइट लगाने और प्रार्थना कार्यक्रम के चलते वहीं गया हुआ था। अंकित के अनुसार 16 नवंबर को बीमारी के चलते उसके पिता का निधन हो गया था। इसके बाद से मां काफी तनाव में रहने लगी थीं और किसी से ज्यादा बातचीत भी नहीं करती थीं। उन्हें शुगर की बीमारी भी थी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक